
02
आज समाज
www.aajsamaaj.com
04

नई दिल्ली, पृष्ठ-04 रविवार, 28 अप्रैल 2024
एनसीआर सिटी
विक्रमी संवत 2081, पूर्णिमांत-वैशाख, कृष्ण पक्ष पंचमी, मूल्य, 2.00 रुपए


# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में कैरियर विकास कार्यशाला का आयोजन



**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में शनिवार को लगभग 1:30 बजे सेंटर फॉर कैरियर काउंसलिंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट एवं गणित विभाग द्वारा एक कैरियर विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीएससी नॉन मेडिकल एवं सीएस के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन मनीषा पाहुजास्टार, एच.आर एक्जीक्यूटिव,स्टार वायर (इंडिया) लिमिटेड, फरीदाबाद रही। कार्यशाला के दौरान, मनीषा पाहुजा ने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों, नौकरी बाजार के रुझानों और सफल करियर विकास के लिए रणनीतियों पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कुछ मेधावी छात्रों का चयन स्टार वायर (भारत ) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लिए किया। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में हुआ । डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने आयोजकों और रिसोर्स पर्सन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं हमारे छात्रों को प्रतिस्पर्धी नौकरी के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक हैं। हम अपने छात्रों को उनकी मदद के लिए आवश्यक उपकरण और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हैं। इसमें कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया 7 प्रतिभागियों ने उद्योग विशेषज्ञों के साथ जुड? और अपने करियर के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम की संयोजक प्रिया अरोड़ा ने कार्यशाला के आयोजन, इसके सुचारू निष्पादन और प्रतिभागियों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, आयोजन सचिव राजेश और कंचन मलिक ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों में योगदान दिया।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में कैरियर विकास कार्यशाला का आयोजन

By **Jantantratoday** April 28, 2024

2 0



**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में सेंटर फॉर कैरियर काउंसलिंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट एवं गणित विभाग द्वारा एक कैरियर विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बी.एस.सी नॉन मेडिकल एवं सीएस के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन श्रीमती मनीषा पाहुजास्टार, एच.आर एक्जीक्यूटिव,स्टार वायर (इंडिया) लिमिटेड, फरीदाबाद रही । इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आवश्यक कौशल सीखना और प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में नेविगेट करने के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करना था।

कार्यशाला के दौरान, सुश्री मनीषा पाहुजा ने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों, नौकरी बाजार के रुझानों और सफल करियर विकास के लिए रणनीतियों पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने व्यावहारिक कौशल विकसित करने एवं नेटवर्किंग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कुछ मेधावी छात्रों का चयन स्टार वायर (भारत ) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लिए किया।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** आज दिनांक 27.04.2024 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक मतदाता जागरूक रैलीका आयोजन किया गया। इस रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि मतदान आपका अधिकार भी है और कर्तव्य भी है मतदाताओं को जागरूक होने से सही मायने में लोकतंत्र का निर्माण होता है। आज युवा मतदाताओं की भूमिका ज्यादा महत्व पूर्ण है और सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए सभी को अपने मतदान का प्रयोग सोच सम्झकर बिना किसी प्रलोभन व जाति धर्म से ऊपर उठकर नैतिक आधार पर मतदान करना चाहिए और




सही प्रत्याशी का चुनाव करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया:-

छोड़ो अपने सारे काम पहले चलों करो मतदान

वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है

हम अपना कर्तव्य निभाएँगें

सबसे मतदान कराऐंगे

देश के मतदाता है, वोट देना आता है

इस रैली के अवसर पर डॉ. अशोक कुमार निराला, चुनावी साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. रितु व अन्य सदस्य, एन.सी.सी. अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डॉ. पूजा सैनी, सहायक प्रोफ़ेसर अंग्रेजी विभाग श्री सुभाष, सहायक प्रोफ़ेसर राजनीतिक शास्त्र श्रीमती पुष्पा, शारीरिक शिक्षक पवन दलाल आदि उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में हुआ । डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने आयोजकों और रिसोर्स पर्सन की सराहना करते हुए कहा, "इस तरह की कार्यशालाएं हमारे छात्रों को प्रतिस्पर्धी नौकरी के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक हैं। हम अपने छात्रों को उनकी मदद के लिए आवश्यक उपकरण और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।"

कार्यशाला में इंटरैक्टिव सत्र, समूह चर्चा और व्यावहारिक अभ्यास शामिल थे जो छात्रों को उद्योग के रुझानों और अपेक्षाओं के बारे में व्यावहारिक अनुभव और मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं । इसमें कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया | प्रतिभागियों ने उद्योग विशेषज्ञों के साथ जुड़ने और अपने करियर के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।

कार्यक्रम की संयोजक सुश्री प्रिया अरोड़ा ने कार्यशाला के आयोजन, इसके सुचारू निष्पादन और प्रतिभागियों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, आयोजन सचिव श्री राजेश और सुश्री कंचन मलिक ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों में योगदान दिया।

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
रविवार, 28 अप्रैल 2024







बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने शनिवार को मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोगों से मतदान करने की अपील की। • हिन्दुस्तान

# छात्रों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज के चुनावी साक्षरता क्लब की तरफ से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शनिवार को जागरुकता रैली निकाली गई। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।